**खबर संक्षेप**

### माइंड्स आई इंटर नेशनल हाई स्कूल में रही गरबा फेस्ट की धूम



शहडोल। माइंड्स आई इंटरनेशनल हाई स्कूल में सोमवार को गरबा फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में रंगारंग प्रस्तुति दी। स्कूल परिसर गरबा की धुनों और उत्साहपूर्ण तालियों से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने गरबा नृत्य में बढ़-चढक़र भाग लिया और अपनी ऊर्जा तथा उत्साह से माहौल को जीवंत कर दिया। शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने भी बच्चों के साथ गरबा के आनंद का अनुभव किया और उत्सव की रंगीन छटा में सभी सराबोर हो गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और उत्सवों के महत्व को समझाना था। विद्यालय परिवार ने गरबा फेस्ट के माध्यम से आपसी भाईचारा, उल्लास और सामूहिकता का संदेश दिया।

आमजन, स्वच्छ भारत बनाने में निभाए अपनी अहम भूमिका:कमिश्नर

### कमिश्नर ने सफाई कार्य में किया श्रमदान, स्वच्छता की दिलाई शपथ



**शहडोल।** सेवा पखवाड़ा अंर्तगत स्वच्छता की सेवा अभियान के तहत कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता के मार्गदर्शन में कमिश्नर कार्यालय परिसर में श्रमदान के माध्यम से सफाई का अभियान चलाया गया। कमिश्नर ने स्वयं कार्यालय परिसर में झाड़ू लगाई तथा संकलित कचरें का उठाव भी किया। सफाई अभियान के माध्यम से कमिश्नर कार्यालय के विभिन्न कक्षों, सार्वजनिक शौचालयों, गैलरी सहित परिसर के अन्य स्थानों पर साफ-सफाई की गई।

कमिश्नर ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर के लिए स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है, स्वच्छता के प्रति स्वयं जागरूक रहे एवं दूसरो को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत किये जा रहे विविध कार्यो में शहडोल संभाग के नागरिक बढ़ चढक़र सहभागी बने और स्वच्छ भारत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। कमिश्नर नें श्रमदान कार्यक्रम में सहभागिता निभाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। कमिश्नर कार्यालय परिसर की साफ-सफाई कार्य में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित कमिश्नर कार्यालय के अन्य कर्मचारी एवं नगरपालिका शहडोल के स्वच्छता मित्रों ने श्रमदान किया।

**बीएमओ की मनमानी पर फूटा जनआक्रोश**

# सिविल अस्पताल में 'सफेद कोट की गुंडागर्दी'!

### मरीज को न इलाज मिला, उल्टे परिजन पर हुई एफआईआर

### शपथ पत्र ने खोली बीएमओ की पोल, स्टाफ से दबाव में करवाए गए झूठे बयान








**शहडोल।** सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति दिन-प्रतिदिन गिरती जा रही है। कभी इलाज न मिलने से मरीज तड़पते हैं, तो कभी डॉक्टरों की दबंगई से आमजन भयभीत। अब ताज़ा मामला सामने आया है जिसने अस्पताल प्रशासन और विशेषकर बीएमओ आनंद प्रताप सिंह की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला न सिर्फ चिकित्सीय लापरवाही से जुड़ा है, बल्कि इसमें बीएमओ द्वारा धमकी, झूठी एफआईआर और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप भी शामिल हैं। जिले के जयसिंहनगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी वीरेन्द्र पाण्डेय ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि शनिवार की रात उनकी पत्नी के सीने में अचानक तेज दर्द उठा। इलाज के लिए वे सिविल अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। अस्पताल में निराश होकर लौटने के बाद जब पत्नी की हालत बिगड़ी, तो उनके भतीजे अंकित पाण्डेय ने बीएमओ आनंद प्रताप सिंह को फोन कर तत्काल सहायता मांगी। वीरेन्द्र पाण्डेय का कहना है कि फोन पर मदद करने के बजाय बीएमओ ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने शिकायत में उल्लेख किया कि मैं अपनी पत्नी की हालत बिगडऩे के बाद भी डर के कारण इलाज नहीं करा पा रहा हूँ। बीएमओ ने धमकी दी है कि यदि ज्यादा बोला तो झूठी एफआईआर दर्ज करवा दूँगा। उन्होंने थाना प्रभारी से बीएमओ के विरुद्ध आपातकालीन स्थिति में चिकित्सा सेवा देने से इनकार करने और धमकी देने के संबंध में उचित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

### शपथ पत्र ने खोली अस्पताल प्रशासन की पोल

इसी प्रकरण में अस्पताल की अस्थायी कर्मचारी श्रीमती गंगा शुक्ला का शपथ पत्र सामने आया है, जिसने अस्पताल की कार्यशैली की सच्चाई उजागर कर दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अंकित पाण्डेय ने डॉक्टर का नंबर मांगा था और मेरे साथ उनकी किसी प्रकार की बात नहीं हुई, न ही उनके साथ किसी प्रकार की अभद्रता की गई। गंगा शुक्ला ने बताया कि रात करीब 2 बजे डॉक्टर आनंद पटेल ने उन्हें थाने ले जाकर किसी दस्तावेज़ पर ज़बरन हस्ताक्षर करवाए, जिसकी सामग्री उन्हें पता नहीं थी। शपथ पत्र में यह भी उल्लेख है कि उन्होंने कभी पुलिस में शिकायत नहीं की, न ही उनके साथ किसी प्रकार का अपराध हुआ। मैं अधीनस्थ कर्मचारी होने के कारण भयवश हस्ताक्षर कर दी। मुझे नहीं पता उस कागज़ में क्या लिखा था। यह बयान न केवल अस्पताल की भीतरी दबंग संस्कृति को उजागर करता है, बल्कि इस बात की ओर इशारा करता है कि अंदरखाने में सच को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।

### नशे में डॉक्टर, पीटे गए मरीजों के परिजन

यह कोई पहला मौका नहीं जब जयसिंहनगर अस्पताल में अमानवीय घटनाएं घटी हों। बीते माह टोटका गांव से एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए लाया गया था। रात 11 से 12 बजे के बीच जब महिला को भर्ती किया गया, तो परिजन बाहर बैठे थे। तभी ड्यूटी पर मौजूद डॉ. आनंद सिंह पटेल और कुछ स्टाफ पहुंचे, ग्रामीणों के मुताबिक सभी नशे में धुत थे। जब परिजनों ने उनका अभिवादन किया, तो डॉक्टर ने बिना कारण थप्पड़ जड़ दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे हेतराम सिंह, बिहारी सिंह और वृद्ध महिला मुन्नीबाई को भी नहीं छोड़ा गया। उन्हें लाठी-डंडों से पीटा गया और गालियां दी गईं। अस्पताल परिसर में मची इस अफरा-तफरी का वीडियो सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ था, लेकिन पीड़ितों का आरोप है कि घटना के बाद डॉक्टर और उनके सहयोगी कैमरा रूम में घुसकर फुटेज डिलीट करने की कोशिश करने लगे।

### स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी और जनता का सवाल

सिविल अस्पताल में लगातार सामने आ रहे इन मामलों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन मौन हैं। टोटका गांव के ग्रामीणों के मामले में शिकायत तो हुई, जांच समिति बनी, लेकिन माह बीतने को हैं, जांच समिति संभवतः डॉ. आनंद सिंह पटेल को बचाने का पुरजोर प्रयास कर रही है। चर्चा है कि बीएमओ के खिलाफ शिकायत करने वालों को डराया-धमकाया जाता है, कई अस्थायी कर्मचारी भी यह स्वीकार करते हैं कि अस्पताल में भय का माहौल बना हुआ है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए हैं, लेकिन बीएमओ जैसे अधिकारी इसे अपनी जागीर बना चुके हैं। अस्पताल अब इलाज का नहीं, भ्रष्टाचार और आतंक का अड्डा बन गया है। जयसिंहनगर का सिविल अस्पताल आज 'स्वास्थ्य मंदिर' नहीं, बल्कि भय और भ्रष्टाचार का प्रतीक बन चुका है। मरीजों को इलाज नहीं मिलता, अस्थायी स्टाफ पर दबाव बनाया जाता है, और बीएमओ की मनमानी चरम पर है।

# माँ विराटेश्वरी धाम में होगी महाअष्टमी की भव्य आरती



### नौ दिनी नवरात्र महोत्सव में भक्तिमय वातावरण

शहडोल। संभागीय मुख्यालय के हृदय स्थल स्थित श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर इस वर्ष भी भक्ति, आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। नौ दिन तक चलने वाले नवरात्रि महापर्व के दौरान मंदिर परिसर में प्रतिदिन माता भगवती की भव्य आराधना, पूजन-अर्चन और भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित आशीषराज तिवारी एवं जयंतराज तिवारी ने बताया कि प्रथम दिन से ही भक्तजन बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ माता रानी की आराधना में लीन हैं। सुबह जलाभिषेक और आरती के बाद दिनभर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है।

### आज महाअष्टमी की महाआरती

सेवादार विनय केवट ने बताया कि नवरात्रि की महाअष्टमी के अवसर पर 30 सितंबर, मंगलवार को माँ विराटेश्वरी की महाआरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 1 अक्टूबर, बुधवार को महानवमी के दिन विशेष श्रृंगार और पूजन कार्यक्रम होंगे। 2 अक्टूबर, गुरुवार को हवन-पूजन, कन्या भोज और विशाल भंडारा का आयोजन होगा। वहीं 3 अक्टूबर, शुक्रवार को माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन एवं जवारा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह भव्य यात्रा ढोल-नगाड़ों, काली खप्पर नृत्य और जयकारों के साथ नगर भ्रमण करते हुए मोहन राम तालाब तक जाएगी, जहां माँ के जवारे विसर्जित किए जाएंगे।

### भक्तों के लिए सभी व्यवस्थाएं निशुल्क

श्री दुर्गा माता सेवा समिति की ओर से बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भक्तों के लिए सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गई हैं। समिति की ओर से जूता-चप्पल स्टैंड, मोटर साइकिल पार्किंग, नारियल तोडऩे की व्यवस्था, पेयजल, लाइटिंग, प्रसाद वितरण और साफ-सफाई की जिम्मेदारी संभाली जा रही है। महाअष्टमी की आरती के पश्चात भक्तों को महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

### सेवा समिति के सदस्य निभा रहे हैं धर्म सेवा

इस आयोजन में श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सभी सदस्य और संरक्षक पूरे मनोयोग से सेवाएं दे रहे हैं। मुख्य रूप से जयंतराज तिवारी, आशीषराज तिवारी, अंकितराज तिवारी, गीतेशराज तिवारी, मनीषराज तिवारी, विकास तिवारी, संरक्षक नारायण पांडे, मोहन श्रीवास्तव, अशोक मिश्रा, बाटे भैया, अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास गुप्ता, एवं सदस्य अनिल सैनी भालू, विनोद नामदेव, विनय केवट, राजेश त्रिपाठी, नंदकिशोर बहरानी, रामचंद चेलानी, अजय श्रीवास्तव, मृगेंद्र सिंह, देवेंद्र गुप्ता, रवि शंकर गौतम, राहुल श्रीवास, आलोक खटोर, सोमू गुप्ता, शुभम अग्निहोत्री, पंकज मौर्या, शिवम दुबे, शुभम दुबे, विद्याचरण उपाध्याय, रामकिशोर केवट, रवि केवट, जतिन मंगलानी, गौतम राज, लवली, रंजन गुप्ता, आकाश चौधरी, अज्जू विश्वकर्मा आदि सेवादार माँ के दरबार में निस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रहे हैं।

### भक्तों से की अपील

सेवा समिति और पुजारीगणों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में माँ विराटेश्वरी के दरबार में पहुँचकर महाअष्टमी आरती, नवमी श्रृंगार, हवन-भंडारा और जवारा विसर्जन यात्रा में शामिल हों तथा माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को मंगलमय बनाएं।

# शारदेय नवरात्र में विराटधरा पर भक्तिमय वातावरण


शहडोल। शारदेय नवरात्र के अवसर पर पूरे जिले में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। जगह-जगह मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं विराजित की गई हैं। मंदिरों और पंडालों में सुबह-शाम आरती और भजन-कीर्तन से माहौल गूंज रहा है। श्रद्धालु माता रानी के दर्शन और पूजन के लिए उमड़ रहे हैं। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन ने भी विशेष प्रबंध किए हैं।


मिट्ठू वाला पत्ता गोदाम


जागृति नव दुर्गा उत्सव समिति


श्री श्री दुर्गा पूजा बंगाली जनकल्याण समिति



श्री वीरभद्र परिवार नवदुर्गा उत्सव


मां शक्ति नवदुर्गा उत्सव समिति


चंद्रशेखर आजाद दुर्गा उत्सव


देवी माँ दुर्गा समिति, पटेल स्कूल


बुढार चौक


न्यू संगम नव दुर्गा उत्सव fci


मैहर नव दुर्गा उत्सव समिति

## छिंदवाड़ा के अंबाड़ा में बसा है मां हिंगलाज का सिद्धपीठ दरबार, मां के दरबार में विराजित है 3201 मनोकामना कलश

# मां हिंगलाज के दरबार की महिमा है निराली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

छिंदवाड़ा के अंबाड़ा में स्थित मोहन कालरी कोयला खदान के पास बसा मां हिंगलाज का दरबार अपने आप में खास अहमियत रखता है। यहां हर बद्धालु भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है, ऐसी मान्यता है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के अतिरिक्त छिंदवाड़ा जिले के इस अंबाडा की मोहन कॉलरी के पास ही हिंगलाज माता की सिद्धपीठ है। ऐसी मान्यता है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में स्थित मां हिंगलाज शक्तिपीठ को अपनी कुलदेवी मानने वाले कुछ व्यापारी जब व्यापार करने के लिए क्षेत्र में आए थे, तब उन्होंने माता की प्रतिमूर्ति अपने साथ लाकर यहां स्थापित की थी। सन 1907 ईस्वी में अंग्रेजों ने यहां जब कोयला खदान प्रारंभ की तो मां हिंगलाज की इस प्रतिमा को हटाकर यहां सीआरओ कैंप का निर्माण करने का फैसला लिया गया था। स्थानीय लोगों के समझाने के बाद भी अंग्रेज अफसर मूर्ति हटाने को फैसले पर अधिक रहा था। जैसे ही यह आदेश देकर वह खदान के भीतर गया तो खदान धसने से उसकी वही मौत हो गई। मानता है कि अंग्रेज

अफसर ने माता रानी की प्रतिमा के स्थान पर एक छोटा सा मंदिर बनवा दिया बाद में धीरे-धीरे आस्था का बड़ा केंद्र बनने लगा। साल 1984 में मोहन कॉलरी प्रबंधन एवं मजदूरों ने मंदिर के कायाकल्प करने का बीड़ा उठाया एवं 1986 में मंदिर बनाकर तैयार कर दिया। साल 2005 में भी खान प्रबंधक के द्वारा इस मंदिर का कायाकल्प कर अन्य निर्माण कराया गया है।

### दोनों पहर होता भंडारा

अंबाडा स्थित प्रसिद्ध मां हिंगलाज मंदिर चैत्र नवरात्र में 3201 मनोकामना कलशों की लौ से दमक सहा है। यहां दोपहर एवं रात्रि में भंडारे की व्यवस्था की गई है। मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु दर्शन के लिए हिंगलाज मंदिर आ रहे हैं। माता के जयकारे गूंज रहे हैं। नवरात्र के दौरान श्री हिंगलाज मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहता है। यहां दोपहर एवं रात्रि में भड़ाने की व्यवस्था की गई है।



### पुलिस महकमा सम्भालता है बेहतर व्यवस्थाएं

मंदिर परिसर में जहां सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहने के साथ सीसीटीवी लगे हैं। वहीं परिसर में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला-चकरी व अन्य खिलौने हैं। परिसर में ही पेजलय की बेहतर व्यवस्था है। प्रवेश द्वार पर करीब एक फीट गहरा और तीन फीट लम्बा व 15 फीट से अधिक चौड़ा सीमेंटेड महा बनाया गया, जिसने अनवरत पानी बहता है, उसमें ही श्रद्धालुओं के पैर धुल जाते हैं और फिर ये मंदिर में प्रवेश कर पूजा-अर्चना करते हैं।

### 3201 कलश दर्शन के लिए भक्तों की उमड़ती है भीड़

छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर अंबाड़ा के पास मां हिंगलाज का प्रसिद्ध मन्दिर है, जहां पर साल भर भक्तों की भारी भीड़ होती है, यह प्रदेश का एक मात्र पैसा मंदिर है जहां चैत्र नवरात्रि में 3201 की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश रखे जाते है. लोगों का मानना है कि मां के दर्शन मात्र से ही भक्कों की मनोकामना पूरी हो जाती है इस मंदिर में मां हिंगलाज के अलावा श्री गणेश, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, भैरोदेव, माता शीतला, सहित मां काली की प्रतिमां भी विराजमान हैं, वहीं हनुमान मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर सहित शनिदेव मन्दिर भी परिसर में स्थापित है. यहां सालभर लाखों की संख्या में भक्त मा हिंगलाज के दर्शन करने पहुंचते हैं। मन्दिर समिति के प्रयासों से हिंगलाज मन्दिर की भव्यता निरंतर बढ़ रही है, सुबह-शाम ढोल-नगाडी की थाप पर मां की आरती होती है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिनके लिए मंदिर समिति की तरफ से भंडारे की भी व्यवस्था होती है।



### नवरात्रि में उमड़ती है भक्तों की भारी भीड़

मंदिर के पुजारी ने बताते हैं कि रथी श्री हिंगलाज माता शक्तिपीठ की उत्पत्ति सती के ब्रह्मरंध्र से हुई है. यह शक्तिपीठ छिंदवाड़ा के अंबाड़ा ग्राम के समीप स्थित है. इस मंदिर का संचालन मोहन कालरी का प्रबंधन करता है. नवरात्रि के समय यहां भक्तों की भारी भीड़ उमडती है. मान्यता है की हिंगलाज माता की यहां विशेष कृपा है, जिसकी वजह से यहां आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. जिस वजह से पूरे नवरात्र भर यहां हजारों की संख्या में भक्त आते हैं।

### माँ के दरबार में विराजित है 3201 मनोकामना कलश

जिले के जुन्नारदेव मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर अंबाड़ा के पास मां हिंगलाज का प्रसिद्ध मन्दिर है, जहां पर साल भर भक्तों की भारी भीड़ होती है, यह प्रदेश का एक मात्र पैसा मंदिर है जहां चैत्र नवरात्रि में 3201 की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश रखे जाते है. लोगों का मानना है कि मां के दर्शन मात्र से ही भक्कों की मनोकामना पूरी हो जाती है इस मंदिर में मां हिंगलाज के अलावा श्री गणेश, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, भैरोदेव, माता शीतला, सहित मां काली की प्रतिमां भी विराजमान हैं, वहीं हनुमान मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर सहित शनिदेव मन्दिर भी परिसर में स्थापित है. यहां सालभर लाखों की संख्या में भक्त मा हिंगलाज के दर्शन करने पहुंचते हैं। मन्दिर समिति के प्रयासों से हिंगलाज मन्दिर की भव्यता निरंतर बढ़ रही है, सुबह-शाम ढोल-नगाडी की थाप पर मां की आरती होती है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिनके लिए मंदिर समिति की तरफ से भंडारे की भी व्यवस्था होती है।

## बानाबाकोडा में नवरात्रि पर महालक्ष्मी का हुआ आगमन

**सौंसर।** बानाबाकोडा में अरविद डाहाके परिवार के पावन उपक्रमांतर्गत नवरात्रि पर्व की पवित्र बेला में महालक्ष्मी माता जी का विधिवत आगमन संपन्न हुआ है। पूजा-पाठ , मंत्रोच्चार और आरती के दिव्य वातावरण में परिवार सहित ग्रामवासियों एवं शुभचिंतकों ने माता जी की आराधना कर सुख-समृद्धि , शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की । इस अवसर पर शांताराम बापू जूनघरे, उद्योगपति मोहन ताजने,राजेंद्र पात्रिकार,नत्थूजी राऊत , ह. भ. प. चिंढबाजी महाराज सरोदे , डॉ. राजेंद्र यमदे, अतुल जूननकर, मारोति लोनारे , दिलीप बत्रा,देवेंद्र केदार , प्रकाश बोराटे , राजेंद्र पाटिल, प्रदीप इंगोले, , रूपराव पुसदकर , भागवत कोठे जी धनराज शस्त्रबुद्दे के साथ अरविद डाहाके परिवार ने महालक्ष्मी माता के श्रीचरणों में क्षेत्र की उन्नति , सर्वजनहित , शांति एवं समृद्धि हेतु मंगलमय प्रार्थना अर्पित की ।

### चैतन्य देवियों की झांकियों के दर्शन को उमड़े नगरवासी



**सौंसर।** नगर में प्रजापति ब्रह्मा कुमारी संस्था की ओर से चैतन्य देवियों की झांकी तीन दिनों के लिये आयोजित की गई है।इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़,श्रीमती मीणा मोहोड़ आदि द्वारा मां भगवती की पूजा अर्चना करते हुए शुभारंभ किया गया, इस दौरान बड़ी संख्या में माता के भक्तों ने जाकर स्थल पर पहुंचकर मां भगवती के विभिन्न रूपों के दर्शन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया है।

### सावता चौक में 56 वर्षो से विराजीं जा रहीं मातारानी



**सौंसर।** नगर के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, सावता चौक, सौंसर द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्र पर्व पर विभिन्न सामाजिक धार्मिक कार्यक्रम किए जा रहे है।समिति के पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार मां जगत जननी की विगत 56 वर्षों से नियमित स्थापना की जा रही है।नवरात्र महोत्सव के दौरान यहां पर विभिन्न सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक एवं प्रबोधन आदि कार्यक्रम भी संपन्न हो रहे हैं।सावता चौक में इस बार भी आकर्षक सजावट की गई है। समिति के द्वारा की गई सजावट को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी माता के भक्त पहुंच रहे है। इस वर्ष की कार्यकारिणी मेंअध्यक्ष श्रावण अढाऊ,उपाध्यक्ष -नकुल पाटील,सचिव गितेश पाटील,सहसचिव साहिल भकने,कोषाध्यक्ष प्रफुल कडू,सहकोषाध्यक्ष विनय गाडगे, सहकोषाध्यक्ष ईश्वर बेलसरे, मीडिया प्रभारी आनंद घाटोड,पुजारी प्रवीण कडू, चंचलेश भेलकर, अर्जुन श्रीखंडे, निलेश सेलूकर, कन्हैयालाल कुरोठे,आदि का समावेश है।

## मां किरनई मंदिर में 819 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

22 सितंबर से शारदीय क्वार नवरात्र प्रारंभ हो गया है जो 1 अक्टूबर तक यानी नौ दिन तक चलने वाली यह महापर्व भक्त की भक्ति एवं आस्था का प्रतीक है। यह एक ऐसा महापर्व है जिसे पूरा देश हर्षोल्लास के साथ बड़ी श्रद्धा से मनाता है। नवरात्र पर्व के समय मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रहती है और मातारानी सबकी मनोकामना पूरी करती हैं। किरनापुर के मां किरनाई मंदिर किरनापुर मे सभी देव स्थलों में श्रद्धालुओं के द्वारा भक्ति एवं आस्था के 714कलश तेल,व 105कलश दी इस प्रकार 819 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए।

मां किरनाई मंदिर किरनापुर प्रकृति की गोद में बसा है, जिसके चारों ओर प्राकृतिक सौंदर्य अपनी छटा बिखेर रहा है। वहां आसपास फैली पीपल पेड़ों की हरियाली लोगों का मन मोह लेती है। मातारानी के दरबार में बारों महीने भक्तों की भीड़ लगी रहती है और नवरात्र के समय हजारों की संख्या में दर्शनार्थी दूर-दूर से आते हैं और अपनी मनोकामना पूरी करते हैं। वही मातारानी के भक्तों द्वारा नवरात्र के दोनों चैत्र और क्वांर नवरात्र में भक्तों के लिए भंडारे प्रसादी की व्यवस्था की जाती है। मां किरनाई मंदिर किरनापुर समिति के अध्यक्ष प्रेमकिशोर जांगड़े, सचिव मोनू तारन,गोपी अग्रवाल,उगेन्द्र मेश्राम दामेन्द्र कच्छवाहा संचालन कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन समिति के सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि क्षेत्र के सभी भक्तों एवं श्रद्धालुओं का क्वार नवरात्र की हार्दिक बधाई के साथ स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं और अपील करते हैं कि अधिक से अधिक संख्या में मातारानी के दर्शन को आएं और अपना जीवन धन्य करें।

### छात्रा धरा देशमुख का हेडबाल में राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में चयन

**वारासिवनी।** स्थानीय केशव इंग्लिश हायर सेकेन्डरी विद्यालय की कक्षा 10 वीं की छात्रा धरा देशमुख पिता डिलेन्द्र देशमुख लाईफ लाईन मेडिकल स्टोर्स वारासिवनी का चयन हेडबाल खेल विधा में



राज्य स्तर के लिये हुआ है। जो. 04 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2025 को राज्य शालेय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये शाजापुर रवाना होगी। ज्ञातव्य है कि धरा का चयन इसके पूर्व बैडमिंटन में संभाग के लिये भी हो चुका था। केशव विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप शर्मा एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं विद्यालय प्रबंधन ज्ञान विकास समिति के समस्त सदस्यों ने छात्रा धरा देशमुख की इस शानदार सफलता पर शुभकामनायें प्रेषित की है।

## ग्राम लड़सड़ा, पिपरिया में दुय्यम शायरी में शामिल हुए विधायक

# जनता द्वारा गद्दी से उतारने के बाद भी चढ़ा हुआ है राजा होने का गुमानः पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



राजनीति में जनता ही सब कुछ है, जनता जिसे गद्दी में बैठाती है, उसे नीचे उतार भी देती है, इसलिए जनता ही हमारे लिए सब सर्वोपरि है, पद को लेकर कभी गुमान नहीं करना चाहिए। लेकिन लगता है कि कुछ लोगों को इस तरह का गुमान अभी भी चढ़ा हुआ है कि हम ही राजा है।

यह बात वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक पटेल ने ग्राम लड़सड़ा, पिपरिया में दुय्यम शायरी के कार्यक्रम में जनता को सम्बोधन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर राजनीति करना हैं, किसी के साथ भेदभाव नहीं करेंगे। मेरे क्षेत्र में विकास को लेकर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। राजनीति एक अलग विषय हैं, हम सभी के साथ मिलकर क्षेत्र का विकास करेंगे।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के पूर्व भाजपाईयों ने घर-घर जाकर प्रचार किया था कि हमारी सरकार बनते ही हम किसानों की धान 3100 रूपये प्रति क्विंटल में खरीदेंगे। मगर चुनाव जीतने के बाद भाजपा अपने वादों को भूल गई। किसानों ने 3100 रूपये में धान खरीदने नहीं बोला था, इन्हे डर था कि कांग्रेस की सरकार बन जायेगी। इसलिए इन्होंने किसानों से झूठा वादा किया था।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव कटंगी आये थे, कांग्रेस के हम चारों विधायकों ने उनसे मिलकर 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य देने का वादा याद दिलाने वाले थे, मगर डर के कारण मुख्यमंत्री के कहने पर पुलिस ने हमें रास्ते में रोक लिया, उनसे मिलने तक नहीं दिया। इससे समझ आता है कि सरकर किसानों के वादों को कभी पूरा नहीं करेगी। लाडली बहनों को 3 हजार रूपये देने की घोषणा की थी, हमारी बहनों के साथ भी झूठे वादे किए। आप लोगों ने हमें भोपाल जाकर आवाज उठाने की ताकत दी हैं, हम आप लोगों की हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे।



### जामटोला में जिला स्तरीय ओपन डांस प्रतियोगिता आज

**लालबर्रा।** यहां विकासखंड से 14 किलोमीटर दूर स्थित जाम टोला में सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति जाम टोला के तत्वाधान में मंगलवार को दर्शकों के मनोरंजन एवं प्रतिभाओं को उभारने के लिए भव्य जिला स्तरीय ओपन डांस प्रतियोगिता आयोजन किया गया है जिसमें एंट्री शुल्क 201₹ एवं प्रथम पुरस्कार ₹10,001 एवं द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 3001 एवं चतुर्थ-2501 रखा गया है। आयोजक समिति के अध्यक्ष भागचन्द लिल्हारे, उपाध्यक्ष राजपाल नगपुरे, सचिव टिकेश ठकरेले, सहसचिव रामचन्द्र नगपुरे, कोषाध्यक्ष अजय धामड़े एवं समस्त ग्रामीणवासी ने अधिक से अधिक संख्या में डांस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को भाग लेने की अपील की है।

## कटक उड़ीसा का रेलवे नागपुर एवं नारायणपुर छत्तीसगढ़ का केरला पुलिस के साथ होगा सेमीफाइनल मुकाबला

हरिभूमि न्यूज उकवा।



उकवा मॉयल लिमिटेड सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में 64वां मॉयल सार्वजनिक दुर्गा उत्सव के महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अखिल भारतीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 सितंबर 2025 से मॉयल ग्राउंड उकवा खान मे कराया जा रहा है । दिनांक 29-8-25 दिन सोमवार को उकवा छटवां दिन टूर्नामेंट का पहला मैच राजस्थान पुलिस बिकानेर एवं उड़िसा स्टेट कटक उड़ीसा के मध्य खेला गया जिसमें उड़ीसा स्टेट कटक उड़ीसा कि टीम ने राजस्थान पुलिस बिकानेर को टीम को 3-2 गोल से परास्त कर विजय हासिल की और सेमीफाइनल में प्रवेश किया पहला मैच के निर्णायक मुख्य निर्णायक राहुल गुप्ता विकास वरकड़े गौरव पांचे कुलदीप सिंह इसी तरह दुसरे मैच के निर्णायक मुकेश तिल्लासी रोहित यादव नितेश मेरावी एवं सुरेश विश्वकर्मा रहे। टूर्नामेंट का दूसरा मैच नागपुर ऐ सी रेलवे एवं बैंक आफ बड़ौदा मुम्बई के मध्य खेला गया ।जिसमे बैंक आफ बड़ौदा मुम्बई को साउथ ईस्टर्न रेलवे नागपुर टीम ने 2-1गोल दाग कर विजय हासिल की टूर्नामेंट के विशेष अतिथि श्री जयंत प्रधान उपखान प्रबंधक टेकचंद मदनकर सिक्योरिटी प्रमुख ओमेंद्र बिसेन पत्रकार जिला महासचिव गजानन मेश्राम छत्तीसगढ़ से हेमंत बाग विनय टांडी अजय बडोले राहुल धुर्वे प्रीतम यादव रवि सच्ची। आज खेले जाने वाले मैच मे पहला कटक उड़ीसा एवं रेलवे नागपुर महाराष्ट्र के मध्य खेला जाएगा। इसी तरह आज का दूसरा मैच नारायणपुर छत्तीसगढ़ के साथ केरला पुलिस के मध्य खेला जाएगा। सेमीफाइनल मुकाबला आज इसी तरह रात्रि में ओपन डांस कंपटीशन की प्रस्तुति दी जाएगी प्रथम ईनाम का प्रथम पुरस्कार 11000 हजार रूपये दुसरा पुरस्कार 8000 हजार रुपये तीसरा पुरस्कार 5000 हजार रुपए रखा गया है। टूर्नामेंट का कवरेज श्रमजीवी पत्रकार संघ के पत्रकार अशोक राउत आनंद गोदरे एवं संजना, मोनु बर्वे, सलीम खान ने किया।

## शासकीय महाविद्यालय में लगा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

### महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन में सभी छात्र-छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य का कराया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज लांजी।




मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन महाविद्यालय में किया जा रहा है। इस पखवाड़े के तहत किए जा रहे कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में छात्र छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने सीखा कि स्वस्थ जीवन कैसे जीना है और बीमारियों से कैसे बचना है। इस शिविर के आयोजन से छात्रों को बहुत लाभ हुआ और वे स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित हुए।इस अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29 सितंबर को महाविद्यालय लांजी के प्राचार्य प्रोफेसर आर आर सोनवाने के मार्गदर्शन में एवं नितेश मेश्राम कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में ही स्वस्थ मस्तिष्क बसता है और छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।डॉक्टर गौतमा कठाने ने अपने विचार से स्वस्थ जीवन के गुण बताएं। मंच संचालन कर रहे डॉक्टर डालेश कुमार विजयवार द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। उमंग काउंसलर शिव हरिनखेडे द्वारा छात्र-छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।छय रोग मुक्त भारत अभियान के तहत किशोर किशोरियों की जांच कर छय रोग बीमारी की संपूर्ण जानकारी विजय कुमार पटले के द्वारा दी गई। श्याम डोहरे (एमटीएस) द्वारा वेक्टर से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। डेंगू मलेरिया के बारे में एवं लार्वा की उत्पत्ति एवं उन्हें नष्ट कैसे करना है, उसके बारे में भी बताया गया। नितेश मेश्राम कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई लांजी के द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवं प्राचार्य की अनुमति से कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

# अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद- राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन

## तलवार-फरसा लेकर पहुंचे लोग, सामर्थ्यवान बनने का किया आह्वान

**केवलारी-** अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद- राष्ट्रीय बजरंग दल ने रविवार दोपहर केवलारी नगर परिषद में शस्त्र पूजन के कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद प्रागंण मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और शस्त्रों के पूजन के साथ किया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष स्वराज सिंह बघेल ने भारतीय संस्कृति में शस्त्रों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने वनवास के दौरान अपने राजसी वस्त्र और पद त्याग दिए थे, लेकिन धनुष-बाण और अयोध्या की मिट्टी साथ रखी थी, जिससे उन्होंने दैत्यों का संहार किया। उन्होंने यह भी बताया कि सभी देवी-देवताओं के हाथों में कोई न कोई शस्त्र अवश्य होता है।इंडिया हेल्थ लाइन राष्ट्रीय मंत्री श्रीमान बेटू चंदेल ने कहा कि शस्त्र पूजन का यह पर्व हमें अपने घरों में शस्त्र रखने की प्रेरणा देता है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय किसान




परिषद के राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद राय ने युवाओं को शक्ति की आराधना के इस पर्व पर सामर्थ्यवान बनने का संकल्प लेने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन जयदीप दुबे ने किया, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के इंडिया हेल्थ लाइन राष्ट्रीय मंत्री बेटू चंदेल,अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय किसान परिषद के राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद राय,राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष स्वराज सिंह बघेल,अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मालू,विभाग अध्यक्ष मुन्ना पटेल, गोलू ,ज़िला महामंत्री राजेश बघेल, रोहित जी, नेतराम ,आशीष लोधी , बसंत यादव,ओमप्रकाश नगपुरे,मदन दुबे,भीम जघेला,पवन यादव,रामा राय, प्रकाशठाकुर, प्रशांत भारद्वाज, प्रवीण दुबे, मनोज, रामा ,राहुल श्रीवास्तव, ओमप्रकाश नगपुरे,राहुल जघेला, राकेश बघेल, आनंद, प्रमोद,विकाश सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अधिकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण हो: प्रद्युम्न चतुर्वेदी

**सिवनी।** सोमवार को भोपाल के सतपुड़ा भवन में अधिकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों पुरानी पेंशन बहाली, संविदा कल्चर समाप्त करने, पदोन्नति प्रकरण,म.प्र.स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अंतर्गत बहुद्देशीय स्वास्थ्य प्रकोष्ठ की स्थापना,आदि समस्याओं के निराकरण के संबंध में म.प्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव,सामान्य,पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग अधिकारी कर्मचारी संस्था के जिला अध्यक्ष एवं जिला नोडल अधिकारी,, म.प्र.अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला- सिवनी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रद्युम्न चतुर्वेदी ने एस.बी.सिंह प्रदेश अध्यक्ष,म प्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ,प्रांतीय संयोजक,म.प्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा,एम पी द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा,एल.एन.कैलाशिया,संरक्षक म.प्र.अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा से सौजन्य भेंट की। मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिलों में आगामी माहों में विविध अधिकारी कर्मचारियों के संगठनों के प्रदेश पदाधिकारी,अधिकारी कर्मचारियों की समस्या सुनने भ्रमण में रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी अधिकारी कर्मचारी नेता प्रद्युम्न चतुर्वेदी ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### जबलपुर की देवी गीत गायिकाएं बरघाट में देवी जागरण की सुमधुर प्रस्तुति देंगी कल

**बरघाट।** नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में सिवनी के बरघाट नगर में विशाल देवी जागरण का आयोजन 1 अक्टूबर 2025 दिन बुधवार रात्रि 8 बजे से सिविल अस्पताल के सामने देवी भजन गीत गायिका जबलपुर टीना मरावी, रीना राज, रागिनी के द्वारा श्रीराम सत्संग देवी जागरण की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी एवं आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। आयोजन समिति संरक्षक मानसिंह नागवंशी, महेन्द्र कुमार राय, आनंद लुधियाना ने इस आशय की जानकारी देते हुए सभी क्षेत्रवासियों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## दीपावली पर पटाखों की दुकान लगाने हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

सिवनी कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिवनी द्वारा जारी आदेशानुसार आगामी दीपावली पर्व 2025 के अवसर पर पटाखों की अस्थायी दुकानों हेतु लाइसेंस प्राप्त करने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को 30 सितम्बर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन केवल पोर्टल https://services.mp.gov.in पर ही स्वीकार होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन के साथ आवेदक को पासपोर्ट साइज फोटो, पहचान पत्र, किरायानामा अथवा स्वामित्व प्रमाणपत्र तथा वर्ष 2024 का पटाखा लाइसेंस (यदि हो) संलग्न करना आवश्यक है। साथ ही निर्धारित शुल्क 500/- भी ऑनलाइन जमा करना होगा। लाइसेंस हेतु वही आवेदक पात्र होंगे जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है तथा जो मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को लाइसेंस नहीं दिया जाएगा। आवेदनकर्ता लोक सेवा केंद्र अथवा कियोस्क के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। किसी भी तकनीकी समस्या की स्थिति में जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक, सिवनी से कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

## लगातार 108वें सप्ताह हुई संगीतमय सुंदरकांड और भक्ति की गूंज

**सिवनी ।** परतापुर रोड, भैरोगंज स्थित सिद्धपीठ माँ ज्वाला देवी मंदिर इस वर्ष शारदीय नवरात्र महापर्व पर केवल पूजा-अर्चना का स्थल नहीं, बल्कि भक्ति और राष्ट्रजागरण का केन्द्र बन चुका है। जगतजननी आदिशक्ति के चरणों में 209 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए, जिनकी दिव्य आभा नगर ही नहीं, बल्कि देशभर से आए श्रद्धालुओं की आस्था को आलोकित कर रही है। नई दिल्ली, असम, हरियाणा, पुणे, मुंबई, कर्नाटक, सिकंदराबाद, नागपुर, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट सहित अनेक स्थानों से भक्तगण माता रानी के चरणों में शीश नवाकर राष्ट्र और समाज के कल्याण का संकल्प ले रहे हैं।

### 108वें सप्ताह का संगीतमय सुंदरकांड और भक्ति की गूंज

नवरात्रि के अवसर पर निरंतर चल रही साप्ताहिक संगीतमय परंपरा ने 27 सितंबर 2025 को 108वें सप्ताह का स्वर्णिम पड़ाव पार किया। हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के मधुर स्वरों ने वातावरण को दिव्यता और शक्ति से भर दिया। बालाघाट-सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने मंदिर प्रांगण पहुँचकर कार्यक्रम की निरंतरता और जनजागरण अभियान की प्रशंसा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ₹माँ की भक्ति के साथ स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का संकल्प ही राष्ट्र को सशक्त बनाएगा।

## भारतमाता की महाआरती एवं त्रिदिवसीय निकुंज रास गरबा महोत्सव आज से




**सिवनी।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवरात्रि के शुभ पर्व पर सामाजिक समरसता मन्च सिवनी द्वारा स्थानीय कृष्णा लॉन जबलपुर रोड सिवनी में त्रिदिवसीय निकुंज रास गरबा महोत्सव एवं भारतमाता की महाभारती का आयोजन दिनांक 29 सितंबर से 01 अक्टूबर 2025 तक होने जा रहा है। विगत दो माह से मां भवानी आराधना हेतु सास्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी व प्रतिभागियों को गरबा प्रशिक्षण दिया गया है त्री दिवसीय महोत्सव में सास्कृतिक कार्यक्रम के साथ गरवा महोत्सव एवं भारतमाता की महाआरती में सम्मिलित होने का आग्रह सामाजिक समरसता मंच द्वारा किया है।

## जिले में 1318.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 29 सितम्बर 25 तक 1318.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 29 सितम्बर 25 तक विकासखंड सिवनी में 1183.8 मि.मी, कुरई में 994.9 मि.मी., बरघाट में 1202.0 मि.मी., केवलारी में 1637.0 मि.मी., छपारा 1170.5 मि.मी, लखनादौन में 1251.7 मिमी, धनौरा में 1226.9 मिमी एवं घंसौर में 1878.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 10544.8 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 29 सितम्बर 24 तक कुल 11535.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

## बस स्टेण्ड में गुंडा गर्दी करने वाले छः आरोपी गिरफ़्तार

**सिवनी।** पलिस अधीक्षक सुनील मेहता अवैध गतिविधियों एवं शहर में गुण्डागर्दी कर शहर में अशांति फैलाने वालों के खिलाफ न केवल सख्त है, अपितु प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसके तहत एएसपी दीपक मिश्रा एवं सीएसपी श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा बस स्टेण्ड सिवनी के पास गुण्डागर्दी करने वाले सभी आरोपियों की धरपकड कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

उल्लेखनीय है कि 27/09/2025 को ग्राम नांदिया कला निवासी अमन साहू कॉलेज से टी.सी. लेकर अपने दोस्त अंकित साहू के साथ बस स्टेण्ड के पास मेडिकल स्टोर से दवाई लेने के लिए पैदल जा रहे थे तभी रास्ते में इसके पडोस गांव की इसकी बहन की सहेली मिलने पर बातचीत करने के दौरान असीम बैग निवासी छोटी पुलिस लाईन सिवनी का अपनी मोटर सायकल से आकर रास्ता रोककर तू किस लड़की के साथ घूम रहा है कहकर गंदी गंदी मां बहन की गालिया देने लगा मना करने पर असीम बैग के दोस्त अब्दुल मुजाहिद, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद हस्सान खान, नसीम, साकिब एवं नोमान आये और अमन साहू के साथ गाली गुप्तार करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट करने लगे जिस पर सभी आरोपियों के विरूध्द थाना कोतवाली सिवनी में अपराध क्रमांक 822/2025 धारा 126(2),296,115(2),351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया एवं छः आरोपियों के विरुध्द प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय को समक्ष पेश किया गया हैं। गिरफ्तार **आरोपीः**- 1. मुजाहिद पिता मुजीब बैग उम्र 19 वर्ष निवासी भगतसिंह वार्ड सिवनी।

2. आदिल पिता नूर मोहम्मद उम्र 20 वर्ष निवासी हड्डी गोदाम सिवनी।
3. साकिब पिता यूनुस खान उम्र 21 वर्ष निवासी पिंजारी मोहल्ला सिवनी।
4. मोहम्मद नसीम उर्फ अनीस पिता शेख रमजान उम्र 40 वर्ष निवासी के.जी. एन. कालोनी सिवनी ।
5. मोहम्मद हस्सान पिता नूर मोहम्मद उम्र 19 वर्ष निवासी भगतसिंह वार्ड सिवनी।
6. असीम पिता अलीम मिर्जा उम्र 18 वर्ष निवासी छोटी पुलिस लाईन सिवनी।

**विशेष भूमिकाः** कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली किशोर बामनकर, उनि दयाराम शरणागत, सउनि दिनश रघुवंशी, सउनि जसवंत ठाकुर, आर. अमित रघुवंशी रघुवंशी, अजेन्द्र पाल, प्रतीक बघेल, सिध्दार्थ दुबे, दिलीप उइके एवं आर. चालक इरफान की उल्लेखनीय भूमिका रहीं।

## राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत मूल्यांकन परीक्षण शिविर 6 से 10 अक्टूबर तक

**सिवनी ।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु जिले में मूल्यांकन परीक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को शिविर में अवश्य भेजें ताकि अधिक से अधिक वृद्धजन योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। यह परीक्षण शिविर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम आलिम्को के सहयोग से 06 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 तक जिले के विभिन्न विकासखंड मुख्यालयों में होंगे06 अक्टूबर को जनपद पंचायत लखनादौन 07 अक्टूबर को जनपद पंचायत केवलारी 08 अक्टूबर को जनपद पंचायत घंसौर 09 अक्टूबर को जनपद पंचायत बरघाट तथा 10 अक्टूबर को स्मृति लॉन बारापत्थर सिवनी में शिविर का आयोजन होगा। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री संदीप परते ने बताया कि इन शिविरों में वरिष्ठ नागरिकों को पंजीयन के लिए आवासीय प्रमाण पत्र आधार कार्ड एवं बीपीएल राशन कार्ड या मनरेगा कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से लाना होगी। शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सक दल द्वारा परीक्षण कर वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु चिन्हांकन किया जाएगा इन उपकरणों में वॉकर, छड़ी, कृत्रिम दांत, बैसाखी, नजर का चश्मा, श्रवण यंत्र और व्हील चेयर शामिल हैं। राष्ट्रीय वयोश्री योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों को दैनिक जीवन में सहूलियत प्रदान करना है। अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रह सके।

## थाना धनौरा पुलिस ने दोहरे हत्या कांड के आरोपियों को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया

**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री सुनील कुमार मेहता, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री दीपक मिश्रा एवं श्रीमान एसडीओपी महोदया घंसौर श्रीमती नम्रता सोधिया के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में ग्राम गनेरी में प्रागो बाई मरवैया और निरंजन सरवैया के दोहरे हत्या कांड में शामिल सभी तीन आरोपियों थाना धनौरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा दो विधिविरुद्ध बालकों को बाल सुधार गृह सिवनी में दाखिल कराया गया।

दिनांक 27/09/2025 को प्रार्थी संदीप बेदी द्वारा रिपोर्ट की गई इसकी बुआ प्रागो बाई तथा उसका लड़का निरंजन सरवैया का शव घर में बगल में बाथरुम के पास अस्त व्यस्त हालत में पड़े हैं दोनों की मृत्यु हो चुकीं हैं बुआ कि कोहनी में छिलनदार चोट बाए पैर में घसीटने के निशान है घर के अंदर सामान अस्त व्यस्त बिखरा पड़ा हुआ है अलमारी खुली पड़ी हैं किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करने के लिए घर में घुसा होगा विरोध करने पर दोनों की हत्या कर दिया रिपोर्ट पर अप.क्र.343/2025 धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपियों की गहन तलाश कर 48 घंटे के भीतर घटना में शामिल सभी तीन आरोपियों थाना धनौरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा दो विधिविरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लिया गया।

### वारदात का तरीका

आरोपीगण तथा विधिविरुद्ध बालक मृतक निरंजन सरवैया व मृतिका प्रागो बाई के घर चोरी करने के उद्देश्य से घात लगाकर छुपे हुए थे मृतिका रात्रि में लघुशंका के लिए गई कुछ आहट होने पर मृतिका ने छुपे हुए व्यक्ति को देखकर चिल्लाने लगी तो आरोपियों द्वारा मृतिका का मुँह व गला दबाया जाने लगा आवाज सुनकर घर के अंदर से उसका पुत्र मृतक निरंजन बाहर आया तो आरोपियों ने उसको भी पकड़कर पटक दिया व गला दवा कर दोनों की हत्या कर दी हत्या के बाद घर से सोने चांदी के जेवरात नगदी लेकर भाग गए।

## निर्वाचक नामावली का गहन पुनरीक्षण, राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित

सिवनी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य संचालित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में वर्ष 2003 में सम्पन्न हुए गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची को आधार मानते हुए वर्ष 2025 की निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी।

बैठक में पुनरीक्षण से जुड़ी कार्यवाही की जानकारी विस्तार से दी गई। अधिकारियों ने प्रतिनिधियों की शंकाओं का समाधान करते हुए बताया कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं शुद्ध बनाने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्यवाही की जाएगी। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी इस कार्य में प्रशासन को आवश्यक सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा सहित संबंधित अधिकारी तथा विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक को निर्वाचक नामावली को और अधिक सटीक व पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## शिविर लगाकर जमा कराई गई बकाया विद्युत राशि

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस संचा संधा संभाग अंतर्गत डांगीढाना विद्युत वितरण केन्द्र अंतर्गत मुंगवानी मुख्यालय के पंजरा ग्राम में 2023 के बकायदार ओर डीएल उपभोक्ताओं के शिविर का आयोजन किया। शिविर में 50 उपभोक्ताओं की राशि 78 हजार बकाया पर 20 उपभोक्ता से 23 हजार रुपए की राशि जमा करवाई गई। शिविर में ग्राम प्रधान ओर ऊर्जा विभाग के डांगीढाना वितरण केन्द्र प्रभारी कनिष्ठ अभियंता संदीप यादव और मुख्यालय प्रभारी रामकलेश विश्वकर्मा , परीक्षण सहायक अशोक कुमार, अर्जुन ठाकुर, मीटर रीडर निलेश ओर ग्रामीण उपस्थित रहे। विदित हो कि म. प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर व्रत के अधीक्षण अभियंता का सख्त निर्देश है कि विगत 3 वर्षों ओर डीएल उपभोक्ताओं पर राशि जमा करवाने हेतु लगातार अभियान चलाया जाए।

## जिला चिकित्सालय में वृद्धजन स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**सिवनी** राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 01 अक्टूबर 2025 को इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय सिवनी में वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ विनोद कुमार नावकर ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वृद्धजनों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच करना और बीमार पाए जाने पर उनका उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सुनिश्चित करना है। शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। एनसीडी क्लीनिक कक्ष क्रमांक 20 से मिली जानकारी के अनुसार शिविर में विभिन्न रोगों की जांच एवं उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। इसमें बीपी, शुगर, मोतियाबिंद के लिए नेत्र परीक्षण, हड्डी रोग, मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, बधिरता, नाक कान गला संबंधी बीमारियों की जांच, खून की जांच सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण शामिल होंगे। स्वास्थ्य शिविर में न केवल रोगों की पहचान और उपचार किया जाएगा बल्कि वृद्धजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सतर्क रहने के लिए आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सक दल वृद्धजनों को सही खानपान, जीवनशैली और नियमित स्वास्थ्य जांच की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी देंगे जिससे वे स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन जी सकें। डॉ विनोद कुमार नावकर ने जिले के सभी वृद्धजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं और इस अवसर का लाभ उठाएं।

## सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत दिव्यांगों के चिन्हांकन करने लगा शिविर

**सिवनी।** सेवा पखवाड़ा अभियान" के अंतर्गत कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र सिवनी में 27 व 28 सितम्बर को दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के लिए जिला स्तरीय चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया। शिविर के सफल संचालन के लिए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी श्री प्रशांत सोनी को नोडल अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र सिवनी तथा श्री अंशुदीप निकोशे को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्री संदीप परते ने बताया कि शिविर में कुल 113 दिव्यांगजनों का पंजीयन हुआ। इनमें 80 अस्थिबाधित, 16 दृष्टिबाधित, 9 श्रवणबाधित एवं 8 मानसिकबाधित दिव्यांगजन सम्मिलित रहे। पंजीकृत दिव्यांगजनों में से 99 को विभिन्न सहायक उपकरण जैसे ट्रायसायकल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवणयंत्र, वॉकिंग स्टिक, टी.एल.एम. किट, स्मार्टफोन, स्मार्ट केन, डिजिटल डिवाइस आदि के लिए चिन्हांकित किया गया।

इन चिन्हांकित दिव्यांगजनों को आगामी शिविर में सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सावधान! तिरोड़ी थाना प्रभारी सो रहे है

# गांव-गांव में बिक रही देसी-विदेशी व कच्ची शराब

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में किसी भी प्रकार की अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाना पुलिस की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जो कानून व्यवस्था बनाए रखने, जनस्वास्थ्य की रक्षा करने और सामाजिक शांति सुनिश्चित करने से जुड़ी होती है. मगर, तिरोड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस अपनी इस जिम्मेदारी से बच रही है. नतीजा गांव-गांव में देसी-विदेशी से लेकर कच्ची शराब भरमार तरीके से बिक रही है. तिरोड़ी के आस-पास के ग्रामीण इलाकों में पुलिस के अप्रत्यक्ष संरक्षण में ही कच्ची शराब बनकर तैयार हो रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में ठेकेदार के द्वारा अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा है. अब हालात यह है कि ग्रामों में 24 घंटे शराब मिलने लगी है और यह सब कुछ कथित तौर तिरोड़ी थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या की सुस्त कार्यप्रणाली की वजह से हो रहा है. थाना के सामने से हर दिन देसी-विदेशी शराब चारपहिया वाहन के जरिए गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही है लेकिन थाना प्रभारी को इसकी भनक भी ना हो ऐसा बिलकुल भी संभव ही है. अगर, वह कार्रवाई नहीं कर रहे है. मतलब साफ है थाना प्रभारी साहब अपने दायित्व का सही निर्वहन नहीं कर रहे है और अगर उन्हें इस बात की बिलकुल भी भनक नहीं है कि देसी-विदेशी शराब गांव-गांव में सप्लाई की जा रही है तो इसका यहीं मतलब है कि उनका सूचना तंत्र बेहद कमजोर है।



गौरतलब हो कि बीते दिनों पठार अंचल में वन्य प्राणी बाघ ने इंसानों पर जानलेवा हमले किए. इस तरह की अलग-अलग घटनाओं में 03 लोगों की मौत हो गई. जिसके बाद लोगों में आक्रोश दिखाई दिया और यह भीड़ वन विभाग पर आक्रामक हो गई. भीड़ में शामिल जिन लोगों ने वन विभाग की टीम पर हमला किया उनमें से अधिकांश लोग शराब के नशे में धुत थे जो बार-बार माहौल को खराब करने का काम कर रहे थे. इन घटनाओं में शराबियों की हरकत को देखने के बाद भी भी पुलिस ने कभी भी अवैध शराब ब्रिकी पर जोर-शोर से कार्रवाई नहीं की. कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति ही तिरोड़ी पुलिस की कार्रवाई का हिस्सा दिखाई दिया. सूत्रों की माने तो पुलिस कच्ची शराब बनाने वाले बड़े शराब माफियाओं से महीना वसूल करती है. जबकि जो लोग छोटे रुप में अवैध शराब बेचते है उन्हें आए दिन पकड़कर लाती है और पैसे वसूल करती है।

तिरोड़ी थाना क्षेत्र शराब तस्करी और बिक्री के साथ अवैध शराब का धंधा किसी छिपा नहीं है. तिरोड़ी तहसील के पठार इलाके से पहले जहरीला शराब से मौत के मामले भी सामने आ चुके हैं. बावजूद इसके आबकारी विभाग और पुलिस विभाग शिकंजा नहीं कस रहा है. आबकारी विभाग कर्मचारियों की कमी का हवाला देकर कार्रवाई से बचता है और पुलिस की तो बात ही निराली है. कहने को तो शराब के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस की गाडियां इधर-उधर घूvमती नजर आती हैं, लेकिन तिरोड़ी क्षेत्र के गांवों में अवैध शराब को कारोबार लगातार पैर पसारता जा रहा है. अब हालात है कि गांव-गांव में घर में ही अवैध शराब के ठेके की तरह बन गए हैं. इधर परचून की दुकानों पर भी शराब बेची जा रही है। खास बात ये है कि शराब का अवैध कारोबार करने वाले यह दुकानदार कच्ची और अंग्रेजी का हर तरह का ब्रांड रखते हैं. बस इसके लिए तय रेट से महंगा रेट देना होता है और शराब ग्राहकों को उपलब्ध हो जाती है. ऐसे में गावों में निकास कर रहे युवा इसकी गिरफ्तार में आ रहे हैं।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 29 सितम्बर को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



### सभी एसडीएम को धान खरीदी केंद्रों की सघन मॉनिटरिंग के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी के सम्बंध में खाद्य विभाग से जानकारी प्राप्त की। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में 01 दिसंबर से धान खरीदी प्रारम्भ की जाएगी, जिसकी सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। साथ ही बताया गया कि वारासिवनी, कटंगी एवं किरनापुर विकासखण्ड में सबसे ज्यादा धान खरीदी की जाती है। कलेक्टर श्री मीना ने सभी एसडीएम को व्यापारियों के गोदाम एवं उपलब्ध स्टॉक का सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि अक्सर यह पाया जाता है कि गिरदावरी में अनावश्यक धान रजिस्टर्ड कर लिया जाता है, जिसके लिए एसडीएम सक्रियता के साथ मॉनिटरिंग करेंगे। कलेक्टर श्री मीना ने बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता को इस पर ध्यान केंद्रित रखने के लिए कहा है कि गिरदावरी में किसी तरह की गड़बड़ी न होने पाए।

कलेक्टर श्री मीना ने उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह को निर्देश दिए कि वे सभी मंडियों में नियमित रूप से मॉनिटरिंग करवाना सुनिश्चित करे। इसमे यह निश्चित रूप से देखा जाए कि खरीदी केंद्रों पर प्रॉपर सुविधाएं उपलब्ध है या नही, इसके साथ ही नीलामी एवं गोदाम में उपलब्धता की निश्चित रूप से मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें।

### जिले की 500 से 600 बालिकाओं की 5 अक्टूबर को बैंगलोर रवानगी

कलेक्टर श्री मीना ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जीएमडीआइसी एवं आईटीआई विभाग को निर्देशित किया है कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक कंपनी बैंगलोर में जिले से भेजे जा रहे बच्चों की रवानगी की सम्पूर्ण सुविधाओं का अवलोकन कर ले। इस दौरान बताया गया कि बालाघाट जिले से 1000 लड़कियों की बैंगलोर टाटा इलेक्ट्रॉनिक कंपनी में मोबाईल बनाने के प्रशिक्षण के लिए काउंसलिंग की गई थी। जिसमे फिलहाल 500 से 600 लड़कियां जॉब करने के लिए 05 अक्टूबर को बैंगलोर रवाना की जा रही है। इन बालिकाओं की सम्पूर्ण सुविधाओं पर अमल करने के निर्देश दिए गए है।

### आदि कर्मयोगी अभियान की सघन मॉनिटरिंग के दिये निर्देश

कलेक्टर श्री मीना ने आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा के दौरान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती डामोर से जिले के 200 चयनित ग्रामो में की जा रही गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। श्रीमती डामोर ने बताया कि संभाग स्तर पर लगभग 348 ग्रामो में जिले में 200 ग्रामो पर काम किया जा रहा है। इसके अलावा दूरस्थ क्षेत्रो से आने वाले बच्चों के लिए छात्रावास के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए है कि आदिकर्मयोगी अभियान में तत्परता के साथ कार्य करें, 200 ग्रामों में आयोजित गतिविधियों की लक्ष्य अनुरूप पूर्ति करना आवश्यक है।



## ग्राम सोनपुरी के पंडालों में विराजीं मां भवानी, दर्शन करने भक्त उमडे

**किरनापुर।** सोमवार से शारदीय नवरात्र शुरू हो चुका है और समापन 1 अक्टूबर महानवमी के दिन होगा। सोमवार को जगह-जगह पंडालों में मां भवानी के विराजमान कलश व ज्वारे के साथ किया जाता है। सोनपुरी में 06बहनों का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की तादातो में ग्रामीणों ने गानों का भरपूर आनंद लिया । सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सोनपुरी के आयोजन कर्ता ने बताया की गरभा व भंडारे का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। 27 तारीख को मां तुलजा भवानी जागरण ग्रुप, 28 को डांस प्रतियोगिता, 29 को दुश्य्यमशायरी का मुकाबला, 30 तारीख को जस भजन, 2 अक्टूबर को की विशाल भंडारे का आयोजन एवं रावण दहन आतिश बाजी के साथ किया जाएगा।

# मध्यप्रदेश के पहले राहवीर बने डॉ. अंकित असाटी

### सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर डॉ. अंकित असाटी को राहवीर योजना में दी जाएगी 25 हजार की प्रोत्साहन राशि

### परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री प्रताप भोपाल में करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने में मदद कर उसकी जीवन रक्षा करने वाले व्यक्ति को शासन द्वारा 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुचाने में मदद करने के लिए मोहगांव मलाजखंड निवासी डॉ. अंकित असाटी को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का प्रस्ताव जिला प्रशासन द्वारा परिवहन आयुक्त मप्र भोपाल को भेजा गया था। जिसे स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। 30 सितंबर को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा राहवीर डॉ. अंकित असाटी को 25 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। डॉ. अंकित असाटी राहवीर योजना में अपना योगदान देने वाले प्रदेश के पहले राहवीर भी बन गए है।

13 अगस्त 2025 की रात्रि 11 बजे डॉ. अंकित असाटी ने देखा कि मलाजखंड पौनी में भारत पेट्रोल पम्प के सामने मेन रोड पर कार क्रमांक सीजी-04-एनटी-7252 के चालक द्वारा मोटर साईकिल क्रमांक एमपी-28-एमई-0903 से जा रहे भीमलाट निवासी अक्षय तेकाम को ठोस मार दी गई है और वह सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। इस पर डॉ. अंकित असाटी ने प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा पहुंचाया। बिरसा के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर ईलाज के लिए 108-एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय बालाघाट पहुंचाया गया। इसके बाद उसे उपचार के लिए सहयोग हॉस्पिटल गोंदिया में भर्ती कराया गया। वर्तमान में अक्षय



तेकाम का गोंदिया के सहयोग हॉस्पिटल में उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत खतरे से बाहर है।

डॉ. अंकित असाटी द्वारा सड़क पर घायल अवस्था में पड़े अक्षय तेकाम को अस्पताल पहुंचाने में तत्परता दिखायी गई। उनकी इस मानवीय मदद के कारण अक्षय तेकाम की जीवन रक्षा संभव हो सकी है। जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढपाल ने बताया कि डॉ. अंकित असाटी द्वारा की गई इस मानवीय पहल के लिए उनका नाम राहवीर योजना में 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के लिए जिला प्रशासन द्वारा परिवहन आयुक्त मप्र शासन को भेजा गया था, जिसे स्वीकृति प्राप्त हो गई है। 30 सितंबर को भोपाल में डॉ. असाटी को सम्मानित किया जाएगा।

# सांदीपनि विद्यालय आमगाँव के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

व्यावसायिक शिक्षण सत्र 2025-26 के अंतर्गत प्राचार्य श्री डीएस वाडिवे के मार्गदर्शन मे सांदीपनि विद्यालय आमगाँव के छात्रों को औद्योगिक भ्रमण के लिए 25 व 29 सितम्बर को 132 केव्ही सब स्टेशन पिपरिया बैहर का भ्रमण कराया गया। इस व्यावसायिक भ्रमण के दौरान इलेक्ट्रीकल एवं हार्डवेयर ट्रेड के लगभग 144 छात्र छात्राओं ने संबधित ट्रेड के बारे में जानकारी अर्जित की।




प्राचार्य श्री वाडिवे ने बताया कि 25 सितम्बर को आईटी ट्रेड के 75 छात्र छात्राओं का शासकीय आईटीआई बिरसा मे औद्योगिक भ्रमण सम्पन्न कराया गया तथा 29 सितम्बर को शासकीय आईटीआई बैहर में भ्रमण सम्पन्न कराया गया। इस भ्रमण में छात्र छात्राओं ने ट्रेड संबंधी अनेकानेक जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान बालक बालिकाओ मे अत्यंत खुशी थी। वे आईटीआई मे उपलब्ध मशीने वर्कशॉप, कम्पुटर लेब मशीन तथा सबस्टेशन मे ट्रांसफॉर्मर एवं हाईस्टेशन लाइन के बारे मे जान कर अत्यंत प्रोत्साहित हुए।

## आज भरवेली में होगा अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

**बालाघाट।** मॉयल सार्वजनिक दुर्गाउत्सव समिति भरवेली के तत्वावधान में नवरात्रि पर्व की सांस्कृतिक श्रृंखला के अंतर्गत मंगलवार 30 सितम्बर को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस आयोजन में देशभर के प्रख्यात कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को आनंदित करेंगे। मंच पर कानपुर के हास्य कवि हेमंत पांडे, अलीगढ़ की शायरा मुमताज नसीम, बाराबंकी के गजेन्द्र प्रियांशु गीमकार, इंदौर के हास्य मंच संयोजक पं. अशोक नागर, उज्जैन के वीर रस कवि राहुल शर्मा, भरवेली के व्यंग कवि मनोज रामटेके और हास्य कवि दिनेश देहाती अपनी कविताओं का प्रस्तुतीकरण करेंगे।

## वर्ष 2025 का अंतिम स्थानीय अवकाश 30 सितंबर को

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने वर्ष 2025 में जिले में 3 स्थानीय अवकाश घोषित किये थे। जिसमे 14 जनवरी मकर संक्रांति, 27 अगस्त गणेश चतुर्थी और 30 सितम्बर दुर्गाष्टमी के दिन जिले में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई थी। इसी के परिप्रेक्ष्य में 30 सितंबर मंगलवार को दुर्गाष्टमी के अवसर पर जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित रहेगा। यह अवकाश कोषालय, उप कोषालय एवं बैंकों के लिए लागू नही होगा।

## कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मीना ने किया ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

**बालाघाट।** मुख्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार 29 सितंबर को कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मृणाल मीना द्वारा ईवीएम व वेयरहाउस बालाघाट का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में की गई चाक चौबंद व्यवस्था, विद्युत सप्लाई, सीसीटीवी कैमरे, ईव्हीएम मशीन व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मीना ने निरीक्षण के दौरान ईवीएम वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जीएस धुर्वे एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियो में कांग्रेस से सफ़क़त खान, भारतीय जनता पार्टी से सुमित यादव व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# अभिमन्यु-3” अभियान के तहत मलाजखंड थाना के स्टाफ ने स्कूली छात्रों को जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश सरकार द्वारा जागरूक करने तथा विशेष पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा) भोपाल, पुलिस अधीक्षक बालाघाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बैहर के आदेशानुसार 29 सितम्बर को मलाजखंड थाना अंतर्गत प्राथमिक/माध्यमिक शाला लोरा, मोहगांव में छात्र-छात्राओं व महिलाओं को अपराधों, घरेलू हिंसा की रोकथाम एवं महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करने का एवं घरेलु हिंसा की रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता अभियान “अभिमन्यु-3” के तहत फोटो चस्पा कर जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अभियान में थाना प्रभारी निरी नरेंद्रसिंह यादव के निर्देशन पर सहायक उपनिरीक्षक सुलेखा मरकाम, कलीराम उयके एवं मलाजखंड थाना के समस्त स्टाप के द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।



# कल मनाया जाएगा विश्व वृद्धजन दिवस

### जिला चिकित्सालय बालाघाट में कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विश्व वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय बालाघाट में 1 अक्टूबर बुधवार को जिला स्तरीय कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं वृद्ध जन स्वास्थ्य देखभाल के अंतर्गत किया जाएगा, जिसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की स्क्रीनिंग उपचार एवं परामर्श चिकित्सा विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर



निशुल्क आभा आईडी बनाई जाएगी एवं फल वितरण किया जाएगा। जिला चिकित्सालय बालाघाट में पदस्थ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ शिवानी सोनी एवं डॉ सरिता सकलेचा द्वारा मांसपेशियों एवं नर्व संबंधित समस्याओं का निराकरण फिजियोथैरेपी द्वारा किया जाएगा।

# स्वदेशी जागरण अभियान के साथ मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** विकासखंड किरनापुर के शासकीय महाविद्यालय स्वर्गीय दिलीप भटेरे कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में स्वदेशी जागरण अभियान एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता अनिल बोपचे द्वारा दी गई । सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती की छायाचित्र का पूजन अर्चन किया गया साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमती रुचिका बेस के द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद का संरचनात्मक ढांचा सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम पर जानकारी दी गई , नवांकुर प्रतिनिधि भागचंद मंडलवार एवं दिनेश चोरनेले के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन परिचय पर एवं उनके स्वदेशी सपनों को लेकर चर्चा की गई , उपाध्याय जी की अंत्योदय वाली सोच को साकार करने एवम अपने देश में निर्मित सामग्री/सामानों को खरीदने का आग्रह किया गया ताकि देश का पैसा देश में रहे और देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके , परामर्शदाता जगदीश पांचे द्वारा सीएमसीएलडीपी के नए प्रवेशित स्टूडेंट एवम पुराने छात्र छात्राओं को पाठ्यक्रम पर जानकारी देते हुए विद्यार्थी लर्निंग एप इंस्टॉल करने, मासिक असाइनमेंट, वार्षिक कार्य प्रतिवेदन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों पर जानकारी दी गई ।स्वदेशी खरीदने के साथ ही स्वदेशी निर्माण हेतु अग्रसर भूमिका मे युवा समाज आगे आये इस बात पर चर्चा रखी गयी।



# नैतरा में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट आज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लालबर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नैतरा (पिपरिया) में खिलाड़ियों के प्रतिभावान को उभारने के लिए 30 सितंबर को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसमें क्रिकेट टूर्नामेंट की प्रवेश शुल्क1100 रूपए हैं जिसमें प्रथम पुरस्कार 2100 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1100 रुपए रखा गया है। क्रिकेट आयोजन में सत्यम राहंगडाले, मनीष भोयर, नितेश भोयर, त्रिकेश परते, विजय मर्सकोले, शिवम राहंगडाले देवेंद्र बगारे, अंश बागडे सुमित राहंगडाले,आर्यन मड़ावी, वंश बिसेन, नितिन उईके, मनीष उईके, प्रियांशु मर्सकोले,कमलसिंह, संदीप बगारे, नीरज नागभिड़े, निर्भय, प्रवीण, आदर्श वरकड़े, नितिन बिसेन ने सभी लोगों से अधिक से अधिक आयोजन में पहुंचने की अपील की है।




# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर

### 52 रक्तदाताओं किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

नगर मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विशाल स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा) श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल, जिला पंचायत सदस्य झामसिंह नागेश्वर, मंडल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया, भायुमो ब्लॉक अध्यक्ष संजू अवधिया, विधायक प्रतिनिधि शैलेष केकती, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितु धुर्वे प्रमुख उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

**ग्रामीणों की भागीदारी :** शिविर में क्षेत्र की जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने मरीजों का हालचाल जाना और उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। शिविर में जिला ब्लड बैंक के सहयोग से 52 रक्तदाताओं से रक्त संकलित किया गया। कुल 1069 मरीजों का पंजीयन हुआ।

**कर्मचारियों एवं श्री सत्य साई सेवा संगठन का रहा योगदान :** इस सफल आयोजन जिला स्वास्थ्य अधिकारी परेश उपलव, खंड चिकित्सा अधिकारी सुश्री रितु धुर्वे, डॉ. धर्मेंद्र गोहिया (दंत चिकित्सक), डॉ. ऐश्वी रहांगडाले, धर्मेंद्र मंडलोई, संजय चौहान, मुकेश चौहान,



जयकरण पंचेश्वर, भुवनेश्वर बोपचे (विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक), संतोष दुधमोगरे (एकाउंटेंट), मोनिका गाढ़ेक र (बीईई), सपना धुर्वे, रमेश रजक, डी.एस. ठाकरे, देवेंद्र पवार, अनुराग चित्रीव और के. अजीत सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारियों एवं सत्य साईं सेवा संगठन का विशेष योगदान रहा।

**विभिन्न रोगों की जाँच एवं उपचार किया गया :** स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान 85 नेत्र रोगी, 269 उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) मरीज, 273 डायबिटीज रोगी, 132 स्त्री रोग से पीड़ित महिलाएँ, तथा 26 शिशु रोग से संबंधित मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा 109 दंत रोगी, 264 नाक कान-गला रोगी, 36 त्वचा रोगी, 12 मनोरोगी और 31 हड्डी रोगी भी पंजीकृत हुए। वहीं, 794 खून की जाँच, 220 टीबी जाँच और 145 सिकल सेल जाँच की गई।

**पुलिस जवानों ने दी रक्त की आहुति:** शिविर में आम खास व्यक्ति सहित थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी, उप निरीक्षक महेंद्र बघेल, प्रधान आरक्षक महेंद्र तुरकर, लिकेंद्र बिसेन, हरे कृष्णा राठौर, उत्तम सिंह परतेती, ओमकार मरकाम सहित बकोड़ा सरपंच श्रीमती पुष्पा नागेश्वर ने रक्तदान कर उदाहरण प्रस्तुत किया,शिविर के दौरान 65 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु देवजी नेत्रालय, जबलपुर रेफर किया गया। इसके अलावा 4 टीबी मरीजों को चिन्हित कर समस्त रक्त दानदाताओ एवं मरीजो को फ्रूट, बिस्किट एवं जूस का वितरण किया गया।